Sl.No. 493983

# 14 (H)

**(MARCH/APRIL 2022)**

समय : 3 घंटे] [अधिकतम अंक : 80

**सूचनाएँ :**

1) हस्तलेखन को स्पष्ट लिखिए।
2) इस प्रश्नपत्र में चार विभाग हैं A, B, C और D एवं कुल 1 से 55 प्रश्न हैं।
3) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं, आंतरिक विकल्प दिये गये हैं।
4) दाहिनी ओर प्रश्न के अंक दिये गए हैं।
5) सूचना के अनुसार आकृतियाँ स्वच्छ, स्पष्ट और उचित प्रमाण में बनाएँ।
6) नया विभाग नये पन्ने पर लिखिए। प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार दीजिए।

## विभाग – A
## (गद्य विभाग)

■ निम्नलिखित प्रश्नों के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए : [3]

1) बूढ़ी काकी को पत्तलों पर से जूठी पूडी के टुकडे खाता देखकर कौन सन्न रह गया?

(A) लाडली (B) रूपा
(C) बुधिराम (D) श्यामा

2) 'मेरी वेशभूषा ही इस बात का परिचय देती है कि मैं यहाँ का निवासी नहीं हूँ।' यह वाक्य कौन किस से कहता है?

(A) कालिदास दन्तुल से (B) दन्तुल कालिदास से
(C) मल्लिका दन्तुल से (D) दन्तुल मल्लिका से

3) लाला सदानंद के कहने पर शादीराम ने पत्रिकाओं के चित्रों का क्या किया?

(A) बेच दिए (B) अलबम बनाया

(C) बच्चों को बाँट दिये (D) दिवारों पर सजा दिये

■ सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए : [3]

4) ............... कंपनी के विज्ञापन में लिखा था की महिला उमिदवार आवेदन न करें।

(टेल्को/ईन्फोसिस/विडियोकोन, सेमसंग)

5) प्रो. रामिश का ड्रीम प्रोजेक्ट .................... था।

(कृत्रिम मनुष्य बनाना, मानव प्रक्षेपण यंत्र बनाना)

6) रामप्रसाद बिस्मिल के गुरू का नाम ................ था।

(श्री सोमदेव, श्री रामदेव)

■ निम्नलिखित वाक्यों में से सही वाक्यांश चुनकर पुरा वाक्य फिर से लिखिए : [3]

7) इसाई पादरी के अनुसार .............

(A) हम ज्यों के त्यों पडे हुए हैं।

(B) हम जिम्मेदारी नहीं लेते।

(C) हम लोग अपने काम में गर्व नहीं लेते।

8) लेखक सबसे बडा काम ...............

(A) जीवन जीने को मानते है।

(B) खेल को मानते है।

(C) सेवा को मानते है।

9) जोन डंकन स्कोटलैंड में रहनेवाले एक ............

(A) गरीब बहन का भाई था।

(B) गरीब बुनकर का पुत्र था।

(C) गरीब मजदूर का बेटा था।

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : [2]

10) लेखक श्री प्रकाश के अनुसार सच्चा देशभक्त कौन है?

11) बिस्मिल की माताजी का सबसे बड़ा आदेश क्या था?

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए : [2]

12) बूढी काकी कब रोती थी?

अथवा

आँद्री गीद के अनुसार 'खुश रहना नैतिक उत्तरदायित्व है'। कैसे?

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार-पाँच वाक्यों में लिखिए : [3]

13) लेखक की दृष्टि में मनुष्य को एक स्थान से दूसरे स्थान पर कैसे भेजा जा सकता है?

अथवा

चोरी का पता लग जाने पर नंदन ने बिन्दू के साथ कैसा व्यवहार किया? क्यों?

■ निम्नलिखित कथनों का आशय स्पष्ट कीजिए : [2]

14) "लडकों का बूढ़ों के प्रति स्वाभाविक विद्धेष होता ही है।"

अथवा

"धन सुख का जादूगर भी है और शांति का डकैत भी।"

## विभाग – B
## (पद्य विभाग)

■ निम्नलिखित प्रश्नों के नीचे दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प चुनकर उत्तर लिखिए : [3]

15) कलधौत के धाम का अर्थ होता

(A) काली यमुना नदी
(B) चाँदी का राजमहल
(C) सोने का राजमहल
(D) कृष्ण का राजमहल

16) भारत का भाल .................. है।

(A) माउन्ट आबू
(B) हिमाचल
(C) गिरनार
(D) विंध्याचल

17) खरहा कहाँ रहता था?
(A) अपने बिल में
(B) झाड के तने में
(C) झाड़ी में
(D) जंगल में

■ निम्नलिखित में से सही विकल्प चुनकर रिक्त स्थानों की पुर्ति कीजिए : [3]

18) प्रभु स्वामी है तो भक्त ...................... है।
(धागा, दास)

19) लोमडीने ............. कहकर कुत्ते को संबोधित किया।
(भाई, मामा)

20) साधु बाहर से ............. होता है।
(चालाक, नम्र)

■ निम्नलिखित वाक्यों में से सही वाक्यांश चुनकर पुरा वाक्य फिर से लिखिए : [3]

21) मीराबाई ने अपने सद्गुरू की कृपा से .............
(A) बहुत बडा महत्त्व पाया।
(B) राम रतन धन पाया।
(C) लोक लाज खोई।

22) आजकल के साधू के सामने कोई तर्क करने आये तो वे ..................
(A) अपनी पोल खुल न जाए इसलिए मौन रहेंगे।
(B) अपने को ही ज्ञानी सिद्ध करेंगे।
(C) डर के मारे वाद-विवाद नहीं करेंगे।

23) 'कुत्ते की सीख' काव्य में दिनकरजी प्राण बचाने के लिए ..................
(A) भूखा रहने के लिए कहते है।
(B) खुले खेत में दौड़ने के लिए कहते है।
(C) सारी शक्ति लगाने के लिए कहते है।

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए : [2]

24) 'जन्मभूमि' काव्य में भारत की किन नारियों की बात बताई गई है?

25) कवि ने नावों की नगरी किसे कहा हैं?

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो–तीन वाक्यों में लिखिए : [2]

26) सूखे पेड पर तोते को देख इन्द्र को क्यों आश्चर्य हुआ?

अथवा

लकुटी लेकर रसखान क्या करना चाहते है? क्यों?

■ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर चार–पाँच वाक्यों में लिखिए : [3]

27) तोता और इन्द्र का संवाद अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

"भारतवर्ष हमारा है" काव्य से क्या बोध मिलता है?

■ निम्नलिखित पंक्तियों का आशय स्पष्ट कीजिए : [2]

28) 'जनम–जनम की पूँजी पाई जग में सबै खोवायो।'

अथवा

"जब भी भूख से लडने कोई खड़ा हो जाता है सुंदर दीखने लगता है।"

## विभाग – C

### (व्याकरण विभाग)

■ निम्नलिखित कहावत का अर्थ स्पष्ट कीजिए : [1]

29) लातों के भूत बातों से नहीं मानते।

■ निम्नलिखित शब्द समूह के लिए एक शब्द लिखिए। [1]

30) सहेलगाह पर आये हुए यात्री

■ निम्नलिखित संधि को छोड़िए : [1]

31) सदिच्छाएँ

■ निम्नलिखित संधि को जोड़िए : [1]

32) सदा + ऐव

■ निम्नलिखित मुहावरे का अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग कीजिए : [2]

33) ठंडी आह भरना

■ निम्नलिखित शब्दों का विरोधी शब्द लिखिए : [2]

34) कोमल

35) खर्च

■ निम्नलिखित शब्दों का पर्यायवाची शब्द लिखिए : [2]

36) मेधा

37) मल्लाह

■ निम्नलिखित शब्दों की भाववाचक संज्ञा लिखिए : [2]

38) डाकू

39) काँपना

■ निम्नलिखित शब्दों की विशेषण संज्ञा लिखिए : [2]

40) बर्फ

41) शरीर

■ निम्नलिखित शब्दों की कर्तृवाचक संज्ञा लिखिए : [2]

42) धर्म

43) विश्लेषण

■ निम्नलिखित समास को पहचानिए : [2]

44) नवग्रह

45) रामरतन

## विभाग – D
## (लेखन विभाग)

■ निम्नलिखित विषय पर संक्षिप्त टिप्पणी लिखिए : [3]

46) दूरदर्शन (टी.वी.)

अथवा

आकाशवाणी

■ निम्नलिखित परिच्छेद को पढ़कर नीचे दिए गये प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [6]

भारत में शिक्षा का आधार अभी भी कक्षागत वार्ता, पाठवाचन व पाठ्यपुस्तकें ही हैं। पत्र–पत्रिकाओं व पुस्तकालयों में उपलब्ध अन्य सामग्री का उपयोग अभी भी हमारे विद्यालयों में सीमित है। व्यक्तिगत रूप से अच्छी पुस्तकें खरीदकर लेना संभव नहीं। फिर दूर–दराज में बिखरे लाखों गाँवों में पत्र–पत्रिकाएँ आसानी से प्राप्त नहीं होती। फलस्वरूप शिक्षक नवचिन्तन से अनजान रहते हैं व छात्र देश–विदेश में घटित महत्त्वपूर्ण घटनाओं से अपरिचित। उन्हें अपने ही देश के विभिन्न धर्मों, उनके सार्वभौमिक सिद्धांतों, उसकी कला, साहित्य व संस्कृति की विशेष जानकारी नहीं होती। वे पढ़लिखकर भी अनपढ़ से ही रहते हैं, ज्ञान के विस्फोट के युग में भी वे ज्ञान से अछूते, उसके प्यासे।

प्रश्न :

47) आज शिक्षा का आधार क्या है?

48) कौन सी शिक्षण सामग्री का उपयोग मर्यादित है?

49) शिक्षक नवचिन्तन से अनजान क्यों रहते हैं?

50) छात्र गण किन बातों से अनजान रहते हैं।

51) परिच्छेद के अनुसार छात्रों को कौन–सी जानकारी नहीं होती हैं?

52) इस परिच्छेद को उचित शीर्षक दीजिए।

■ निम्नानुसार पत्र लिखिए : [5]

53) 5, अंकुर सोसायटी, अहमदाबाद – 380014 से मैत्री मोदी अपनी सखी अपनी सखी तेजल भट्ट को जीवन में अनुशासन का महत्त्व समझाते हुए पत्र लिखती है।

54) रूपरेखा के आधार पर कहानी लिखकर शीर्षक एवं बोध लिखिए : [5]

एक राजा – बिमारी – वैद्य की असफ़लता – किसी बूढ़े की सलाह – 'किसी सुखी मनुष्य का कुर्ता पहनों' – खोज – मेहनती किसान को देखना – किसान सिर्फ धोती पहने था – सीख।

55) निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर 150 शब्दों में निबंध लिखिए : [7]

■ मेरी माँ

माँ की महिमा – माँ का प्रेम – माँ की धार्मिकता – मेरे मित्रों आदि से व्यवहार – शिक्षा के प्रति दिलचस्पी – उपसंहार।

अथवा

■ कोरोना एक महामारी ............

प्रस्तावना – कोरोना का उद्भव – विश्व पर प्रभाव – महामारी के रूप में – जनजीवन पर असर – बचाव के उपाय – सरकार के प्रयास – उपसंहार।

अथवा

■ स्वच्छ भारत

प्रस्तावना – भारत की वर्तमान स्थिति – अस्वच्छता से हानि – स्वच्छता की आवश्यकता – हमारा कर्तव्य – उपसंहार।